प्रधान मंत्री, लोक सभा अध्यक्ष और संसद सदस्यों ने पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 25 दिसंबर 2020: प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला, राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री ग़ुलाम नबी आज़ाद और लोक लेखा समिति के अध्यक्ष श्री अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए । लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव , श्री देश दीपक वर्मा ने भी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाशित पुस्तक "संसद में अटल बिहारी वाजपेयी: एक स्मृति खंड" का विमोचन किया। लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में श्री वाजपेयी के विचारों और मतों का संकलन किया गया है तथा संसद में श्री वाजपेयी द्वारा दिए गए भाषणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की उनकी संकल्पना और एक उत्कृष्ट सांसद के रूप में लोकतान्त्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में उनके द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को दर्शाया गया है । इस प्रकाशन में अटल जी के सार्वजनिक जीवन से जुड़े कुछ दुर्लभ चित्र भी हैं । इस पुस्तक में भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के संदेश शामिल किए गए हैं । पुस्तक का प्राक्कथन भारत के उप राष्ट्रपति ने और आमुख लोक सभा अध्यक्ष ने लिखा है और इसकी प्रस्तावना पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से प्राप्त हुई।

इस कार्यक्रम में गण्यमान्य व्यक्तियों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित, पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिकाएं भेंट की गईं।

राष्ट्र के प्रति पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी की उत्कृष्ट सेवाओं की मान्यतास्वरूप संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों का क्रमशः 19 दिसंबर 1957 और 12 फरवरी, 2019 को अनावरण किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) और श्री अटल बिहारी वाजपेयी को 24 दिसंबर 2020 को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया था।

इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित अटल समाधि स्थल पर श्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।